न्यूजब्रीफ

दत्त जयंती पर 'दिगंबरा श्रीपाद वल्लभ दिगंबरा' के जयघोष के साथ भक्त पहुंचे बांगर, भंडारा आयोजित

देवास। श्री दत्त जयंती के उपलक्ष्य में रविवार को बांगर में भंडारा हुआ। यहां पिछले 48 सालों से भंडारा होता आ रहा है। इस बार भी

न केवल मप्र बल्कि अन्य प्रदेशों से श्रद्धालु महाप्रसाद ग्रहण करने के लिए आए। सुबह 11 बजे भगवान दत्तात्रेय की आरती के बाद भंडारा प्रारंभ हुआ, जो देर शाम तक चलता रहा। इसमें महिला-पुरुष की चार अलग-अलग कतार लगाकर व्यवस्था को बनाया गया। 50 हजार से अधिक भक्तों ने महाप्रसाद का आनंद लिया। मंदिर व्यवस्थापक और पुजारी श्रीदत्त प्रसाद कुलकर्णी ने बताया, कि भंडारे की तैयारी दो दिन पूर्व से ही प्रारंभ हो चुकी थी। देवास, इंदौर, उज्जैन तथा अन्य गांव के 500 से अधिक दत्त सेवा मंडल के सेवकों ने व्यवस्था संभाली। कार्यकताओं ने अपनी-अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह किया। लोगों ने उत्साहपूर्वक महाप्रसाद ग्रहण कर श्रीदत्त भगवान का आशीष प्राप्त किया। मंदिर के पीठाधीश्वर श्रीपाद अवधूत स्वामी भी इस अवसर पर पूरे समय उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने कतार में लगकर भगवान दत्तात्रेय की जय बोलकर दिगंबरा-दिगंबरा के जयघोष के साथ दर्शन कर महाप्रसाद ग्रहण किया।

अयोध्या से आए अक्षत कलश की निकाली कलश यात्रा

देवास। अयोध्या में 22 जनवरी को भव्य रामलला मंदिर निर्माण प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए अक्षत कलश की ग्राम चंदाना में कलश यात्रा निकाली गई। अयोध्या से आए अक्षत कलश की ग्राम में समाजसेवी मोहनसिंह चंदाना, ईश्वरसिंह पवार, सोहन पटेल, मेहरबान सिंह, सुनील पटेल, दिलीपसिंह तंवर, अनिल पटेल, बाबूलाल दीवाना ने पुजारी महेश महाराज के सानिध्य में अक्षत कलश की बैंड-बाजों के साथ जय-जय श्रीराम घोष के साथ कलश यात्रा निकाली। श्रीराम मंदिर में अक्षत कलश की पुजारी महेश महाराज एवं ग्रामवासियों ने पूजा-अर्चना की। कलश दर्शन एवं पूजन कार्यक्रम में सभी ग्रामवासियों ने श्रीराम के चित्र पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम के पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया गया। श्री चंदाना ने भगवान श्रीराम के चरित्र का वर्णन कया।

सेवानिवृत्त कर्मचारियों का समारोहपूर्वक सम्मान किया

खातेगांव। खातेगांव उपसंभाग में विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारीयो की सेवानिवृत्त के अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी प्रवीण प्रजापति द्वारा समस्त कर्मचारियों को शॉल-श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ नागरिक सेवा जन कल्याण संस्था अध्यक्ष जेपीएस तोमर की अध्यक्षता मे ए.यू.बैंक खातेगांव द्वारा प्रायोजित सम्मान समारोह में एक प्राध्यापक, दो कृषि अधिकारी, सहायक यंत्री (पीएचई), कम्पाउंडर, विद्युतकर्मी, 26 शिक्षक एवं चतुर्थ श्रेणी सहित कुल 33 कर्मचारीयो को सम्मानित किया गया। एसडीएम प्रजापति द्वारा वरिष्ठ नागरिक संस्था के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए एक.यू.बैंक को भी धन्यवाद दिया गया। प्रारंभ में बैंक प्रबंधक दिनेश जुंजारे द्वारा सभी अतिथीयो का स्वागत किया गया। वरिष्ठ नागरिक संस्था उपाध्यक्ष प्रदीप काला ने बुजुर्गो का सम्मान करने की अपील करते हुए संस्था की कार्यविधि की जानकारी दी एवं संस्था सचिव सतीश मित्तल द्वारा कार्यक्रम का प्रभावी संचालन किया गया।

देवास शहरी सीमा में लोडिंग व भारी वाहन सुबह 6 से रात 10 बजे तक प्रतिबंधित, कलेक्टर ने दिए आदेश

देवास। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत जनमानस की सुरक्षा की दृष्टि से देवास की शहरी सीमा में लोडिंग वाहन के प्रवेश के संबंध में प्रतिबंधित आदेश जारी किए हैं। आदेश के अनुसार देवास जिले की शहरी सीमा में भोपाल चौराहे से, मधुमिलन चौराहे से तथा उज्जैन ब्रिज बीमा अस्पताल तिराहे से शहर में प्रवेश हेतु लोडिंग एवं भारी माल वाहक वाहनों का आवागमन होता है, जिससे आए दिन दुर्घटना का अंदेशा होता है। साथ ही यातायात भी बाधित होता है। ऐसे लोडिंग वाहनों को शहर में आने से प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाता है। इन्हें शहर में आने की अनुमति रात्रि 10 से प्रातः 6 बजे तक ही रहेगी। उक्त आदेश के तहत देवास-उज्जैन बायपास, देवास-भोपाल बायपास तथा देवास-इंदौर बायपास से शहरी क्षेत्र में उक्त समय सीमा के अतिरिक्त समय में प्रवेश करने वाले लोडिंग वाहनों पर तत्काल प्रभाव से पूर्णतः प्रतिबंध लगाया जाता है। इस आदेश का उल्लंघन धारा 188 के अंतर्गत दंडनीय अपराध होगा।

महिला थाना पुलिस की महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण में अहम भूमिका

6 माह में 155 परिवारों की डोर पुनः जोड़कर उठाया सकारात्मक कदम

पीपुल्स संवाददाता ⌘ धार
मो.नं. 94254-60342

जिले में महिला थाना पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण की दिशा में अनेक कार्य किए जा रहे हैं। उसी क्रम में टूटते रिश्तों में पुलिस के यथोचित इंटरवेंशन से उन्हें पुनर्स्थापित कर सकारात्मक प्रयास किया जा रहा है। महिला थाने पर पिछले 6 माह में लगभग 155 मामलों में परिवारों की काउंसलिंग कर उनका घर टूटने से बचाया। साथ ही खुश रहने के लिए छोटी-छोटी बातें भी बताई। एसपी मनोज कुमार सिंह के मार्गदर्शन में शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है।

थाना प्रभारी रेणु अग्रवाल ने बताया कि महिला थाने पर प्राप्त होने वाली शिकायतों में कार्रवाई करते हुए सर्वप्रथम आवेदक, अनावेदक एवं उनके परिवार को थाने पर बुलाकर उनकी समस्या को गंभीर पूर्व सुना जाता है अधिकांश प्रकरणों में छोटे मोटे झगड़े, पारस्परिक इगो, आपसी समझ की कमी एवं एम्पैथी का अभाव मूल कारण हैं परिवार की तरह जब पुलिस अधिकारी मूल समस्या का सही अध्ययन कर लेते हैं तो समाधान भी कर पाते हैं ।

केस - 1

आवेदिका कल्पना (परिवर्तित नाम) ने महिला थाने पर शिकायती आवेदन में बताया कि उसका पति 34वींवाहिनी विसबल धार में पदस्थ होकर वर्तमान में आरए पीटीसी इंदौर में कार्यरत है। विवाह के कुछ समय बाद ही पति उसे शारीरिक व मानसिक रूप से परेशान कर कर रहा है। इस पर दोनों पक्षों को काउंसलिंग की गई जिस पर से आवेदिका तथा अनावेदक ने स्वेच्छा से अपने तथा दोनों बच्चों के भविष्य को देखते हुए खुशी-खुशी साथ रहने का फैसला किया।

केस - 2

आवेदिका रितु (परिवर्तित नाम) जो आंगनवाड़ी कार्यकर्ता है, ने आरोपी जो कि सरकारी शिक्षक है के विरुद्ध शादी का कहकर साथ रखने एवं बाद में शादी से इनकार करने संबंधी शिकायत आवेदन दिया। महिला थाना धार ने दोनों पक्षों को बुलाकर काउंसलिंग की। इसके बाद अनावेदक शादी करने को हेतु तैयार हो गया। दोनों की शादी होली पर होना तय हुआ है।

केस - 3

आवेदिका रीति (परिवर्तित नाम) द्वारा अनावेदक उसके पूर्व दोस्त द्वारा पीछा करने, ब्लैकमेल करने, नानी के घर आकर हंगामा करने की शिकायत की गई। इस पर अनावेदक को थाने पर बुलाया और बातचीत कर मामले को सुलझाया गया। उसने भविष्य में आवेदिका को परेशान न करने की बात कही।

केस - 4

आवेदिका मीनाक्षी (परिवर्तित नाम) ने अनावेदक द्वारा मोबाइल पर अवांछित मैसेज कर परेशान करने की शिकायत की। इस घटना से पति-पत्नी में भी विवाद होने लगे थे। इस पर हमारी टीम द्वारा मोबाइल नंबर की जानकारी प्राप्त कर अनावेदक, आवेदिका एवं उसके पति को थाने बुलाया एवं कार्रवाई की गई। अनावेदक ने आवेदिका को भविष्य में परेशान न करने का आश्वासन दिया एवं पति-पत्नी के बीच में आपसी विवाद भी खत्म करवाया गया।

केस - 5

आवेदिका प्रिया (परिवर्तित नाम) ने अपने जीजा के विरुद्ध शिकायत आवेदन में बताया कि जीजा उसे फोन पर अश्लील मैसेज कर परेशान कर रहा है। जीजा की इस हरकत से आवेदिका की बहन का परिवार बिखरने लगा था। इस पर कार्रवाई कर आवेदिका, उसकी बहन एवं जीजा को थाने बुलाकर काउंसलिंग की गई। तीनों में आपसी सहमति से संबंध पुनः स्थापित किए गए।

रविवार को वर्ष 2023 की अंतिम संध्या पर सूरज ने ढलने के साथ साल को बिदा किया। चित्र मनावर में मान नदी के पास गढ़ी क्षेत्र का। फोटो : शुभम चौहान, मनावर

शाजापुर में 5 सटोरिए गिरफ्तार, हजारों रुपए बरामद

शाजापुर। शहर में दबिश देकर पुलिस ने 5 सटोरियों को पकड़ा है। इनसे हजारों की नकदी भी बरामद की है। पुलिस शहर में सट्टा पूरी तरह बंद होने का दावा तो करती है, लेकिन अभी भी कई सटोरिए सक्रिय हैं। कोतवाली से मिली जानकारी के अनुसार महूपरा रपट पर नियाज मोहम्मद पिता नबी मोहम्मद (60), पाटीदार धर्मशाला के सामने से अमरसिंह पिता स्व. हरिलाल जाटव (55), रूपामाता मंदिर के पास से बद्रीलाल पिता स्व. जगदीश चंद्र भिलाला (34), हाट मैदान गणेश मंदिर के पास से मुज्जू खां पिता मंसूर खां (40) तथा धोबी चौराहे स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा के पास से मिथुन पिता पूनमचंद खराड़ी से 1367 रू. बरामद व सट्टा पर्ची बरामद की है। पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

'शरीर एक झोपड़ी, जले इससे पहले जाग जाओ'

देवास। शरीर सिर्फ एक झोपड़ी है, जले इससे पहले तुम जाग जाओ। जो जागा हुआ नहीं है, जिसमें समझ नहीं है, वह शरीर रूपी झोपड़ी में बैठा हुआ है। उसे सत्य पुरुष की कोई खबर नहीं है। ये विचार सद्गुरु मंगलनाम साहेब ने कबीर प्रार्थना स्थली सेवा समिति मंगल मार्ग टेकरी द्वारा आयोजित गुरुवाणी पाठ, गुरु शिष्य चर्चा, चौका आरती के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि अभी नींद खुली, अभी सोया ऐसा नहीं है। सत्य पुरुष एक अखंड वृक्ष है, जिसका कभी नाश नहीं होता। सत्य पुरुष जो है वह श्वांस है। नापने में आता है ही नहीं। जो अखंड, असीम और अमर तत्व हैं, उसको नापने के लिए कबीर की विचारधारा की ओर जाना पड़ेगा। यह जानकारी सेवक वीरेंद्र चौहान ने दी।

मोराड़ में निकली अक्षत कलश यात्रा, ग्रामीणों ने किया पूजन

सभी नागरिकों ने 22 जनवरी को दीपावली पर्व मनाने का किया आग्रह

पीपुल्स संवाददाता ⌘ मनावर
मो.नं. 9589581111

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर 22 जनवरी को श्री रामलला की भव्य प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन को लेकर अब ग्रामीण अंचल में व्यापक रूप से तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। इसी के चलते रविवार को ग्राम मोराड़ में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र मेरा घर मेरी अयोध्या के अंतर्गत अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश यात्रा ग्राम में धूमधाम से निकाली गई। इसमें मातृ शक्तियों ने सिर पर कलश धारण कर ग्राम में भ्रमण किया। इसके पश्चात कलश यात्रा का राधा-कृष्ण मंदिर में समापन हुआ, जहां ग्रामीणों द्वारा कलश पूजन किया गया।

समाजसेवी रमेशचंद्र कुशवाह मनावर ने बताया कि पूजित अक्षत कलश यात्रा प्रत्येक ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों में पहुंचेगी। रविवार को पूजित अक्षत कलश यात्रा ग्राम मोराड़ के पहाड़सिंह पुरा में धूमधाम से निकाली गई। ग्रामीणों ने घरों के आंगन में रंगोलियां बनाकर व पुष्पवर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया। यात्रा राधा कृष्ण मंदिर में संपन्न हुई, जहां पर समाजसेवी कुशवाह ने ग्रामीणों को बताया कि 500 वर्ष बाद श्रीराम जन्मभूमि में मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मनाया जा रहा है। उन्होंने 22 जनवरी को दीपावली के रूप से मनाने का ग्रामीणों से आग्रह किया।

कलश यात्रा के समापन पर भगवान श्रीराम की आरती कर प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर रात्रि में भजन संध्या व सत्संग का आयोजन भी किया गया, जिसमें हीरालाल परिहार, कुंवरसिंह मुवेल, कैलाश चौहान, मुकेश प्रजापत, शिवराम मुवेल, मंसाराम चौहान, रामसिंह मुवेल, मनसिंह चौहान, रवींद्र मुवेल, सुखलाल मुवेल आदि ग्रामीणों का सराहनीय सहयोग रहा।

शिक्षा के साथ प्रतिभा भी निखार रहा विद्यासागर स्कूल : विधायक पं. शर्मा

पीपुल्स संवाददाता ⌘ खातेगांव
मो.नं. 9753414558

बच्चे देश के भविष्य होते हैं। यही आगे जाकर देश का नवनिर्माण करते हैं। विद्यासागर स्कूल में शिक्षा के साथ संस्कार की शिक्षा दी जाती है। इससे बच्चों की प्रतिभा में निखार आता है।

यह बात क्षेत्रीय विधायक पं. आशीष शर्मा ने संस्था के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष सारिका नरेंद्र चौधरी ने की। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष संगीता सुनील यादव, शिक्षा समिति अध्यक्ष रजनी रामसिंह यादव, पार्षद सावित्री शैलेश यादव, ललित विश्नोई उपस्थित रहे।

विद्यासागर पब्लिक स्कूल के नवीन परिसर में आयोजित कार्यक्रम के साथ ही बच्चों ने आर्ट एंड क्राफ्ट मेले में विज्ञान प्रदर्शनी में शानदार मॉडल बनाए थे, जिन्हें अतिथियों ने सराहा।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी पलकराम सरलाम, बीआरसी कैलाशचंद्र ठाकुर साहब, कन्या हायर सेकेंडरी प्राचार्य मनीष यादव ने विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने बहुत ही सुंदर प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा अक्षिता दुबे, सिद्धि यादव,निमीषा राठौर ने किया। संस्था की डायरेक्टर रुबी निशांत गंगवाल ने शालेय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। अतिथि स्वागत आलोक जैन, निशांत गंगवाल, रमेश राठौर, जितेन्द्र दुबे, संगीता पाटनी ने किया। संस्था संचालक राजीव गंगवाल ने आभार माना।

पंचमुखी हनुमान मंदिर पर हनुमान अष्टमी महोत्सव का आयोजन शुरू

खातेगांव। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हनुमान अष्टमी महोत्सव का आयोजन कन्नौद रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर पर किया जा रहा है। 31 दिसंबर रविवार को गणेश पूजन एव सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के साथ यह महोत्सव शुरू हुआ। 1 जनवरी सोमवार को संगीतमय सुंदरकांड पाठ होगा। 2 जनवरी मंगलवार को भजन संध्या तथा 3 जनवरी बुधवार को विशाल भंडारे का आयोजन फूल बंगला सजेगा। 4 जनवरी गुरुवार को हवन-पूजन प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक संध्या 7 बजे से रात्रि 11 बजे तक भंडारे का आयोजन होगा। इस आयोजन में सभी धर्मप्रेमियों से पुण्यलाभ लेने की अपील आयोजकों ने की है।

भारत विकास परिषद ने बच्चों को दिए वस्त्र, 22 जनवरी को दीपावली मनाने की अपील

जरूरतमंदों को कंबल वितरण का अभियान शुरू

पीपुल्स संवाददाता ⌘ धामनोद
मो.नं. 9752452089

मां अन्नपूर्णा रोगी सेवा एवं पारमार्थिक संस्था धामनोद द्वारा अपनी वार्षिक गतिविधि के तहत वर्ष के अंत में खुले आसमान के नीचे सोने वाले जरूरतमंदों के लिए कंबल वितरण अभियान की शुरुआत की गई। नगर एवं क्षेत्र के भामाशाह दानदाता सहयोगियों के सहयोग से प्राप्त कंबल अतिथियों द्वारा वितरित किए गए।

आयोजन की मुख्य अतिथि डॉ. सुरेखा जैन व विशिष्ट अतिथि डॉ. कुसुम पाटीदार के साथ मंच पर सुयश कंप्यूटर कॉलेज की डायरेक्टर सुनीता सक्सेना एवं कमलेश नामदेव भी उपस्थित थीं। कविता तोमर ने सभी का स्वागत किया। स्वागत उद्बोधन अधिक दीपक प्रधान ने दिया।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए डॉ. सुरेखा जैन ने संस्था के कार्यों की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए यथासंभव सहयोग करने का संकल्प दोहराया। वहींडॉ. कुसुम पाटीदार ने जेएन 1 वायरस से भयभीत न होते हुए सतर्कता बरतने की सलाह दी। भारत विकास परिषद शाखा धामनोद के प्रांतीय शाखा विस्तारक अनूप सक्सेना, सहसचिव दुर्गेश दाबड़, डॉ. राहुल कुशवाह ने इस अवसर पर बच्चों के लिए नए ब्रांडेड वस्त्र वितरित किए।

अनूप सक्सेना ने राम जन्मभूमि मंदिर संघर्ष की गाथा विस्तार से बताते हुए सभी से 22 जनवरी को दीपावली की तरह मनाने की अपील करते हुए राम मंदिरों में पूजन एवं घरों में रंगोली एवं दीप जलाने का आह्वान किया। इस अवसर पर अन्नपूर्णा संस्था के राकेश पाटीदार, भारतसिंह चौहान, अल्केश प्रधान, हर्षवर्धन बर्वे, कविता तोमर, प्रभु स्वामी, वंश तोमर, चेतन प्रधान सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे। संस्था कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम खंडेलवाल की माताजी सरजूबाई नाथूलालजी के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। संचालन विजय नामदेव ने किया। अंत में आभार देवकरण पाटीदार ने माना।

ICICI Home Finance | कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फायनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी
टॉवर अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुम्बई-400059, भारत
शाखा कार्यालय : ऊपरी तल मंजिल, जेड-18, एम.पी. नगर, जोन-1, मिरेकल्स हॉस्पिटल के पास, भोपाल (म.प्र.) पिनकोड - 462011
शाखा कार्यालय : प्रथम मंजिल, 116, शेखर सेन्ट्रल, मनोरमा गंज, इंदौर-452001
शाखा कार्यालय : कार्यालय नं.106, प्रथम मंजिल, पुखराज कार्पोरेट, नवलखा इन्दौर-452001

[नियम 8(6) के परंतुक देखें]

अचल संपत्ति के लिए बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) 2002 नियमावली के नियम 8 (6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस,

एतद्द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से ऋणी और गारंटीकर्ता (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार को गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका सांकेतिक कब्जा अधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, नीचे दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार, "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" पर बेचा जाएगा :

क्रमांक	ऋणी का नाम/सह ऋणी/गारंटर/कानूनी वारिस/ ऋण खाता संख्या	सुरक्षित संपत्ति (संपत्तियों) का विवरण, यदि कोई हो	बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / बयाना जमा	संपत्ति निरीक्षण का तिथि व समय	नीलामी की तिथि और समय
(A)	(B)	(C)	(D)	(E)	(F)	(G)
1.	राजकुमार जैन (ऋणकर्ता) प्रेरणा जैन (सह-ऋणकर्ता) ऋण खाता संख्या NHSJP00000912403 LHIND00001374024	प्रथम तल ग्राम महुपुरा कृष्णा धाम शाजापुर मध्य प्रदेश 465001	Rs. 13,38,096/- December 15, 2023	Rs. 22,59,900/- / Rs. 2,25,990/-	January 08, 2024 11:00 AM- 03:00 PM	January 19, 2024 02:00 PM- 03:00 PM
2.	इमरान अगवान (उधारकर्ता) सुश्री रोशनी स्टील्स (सह-उधारकर्ता) अब्दुल लतीफ अगवान (सह-उधारकर्ता) मोहम्मद अमजन अगवान (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या LHIND00001299902	संपत्ति 2- दुकान नंबर ए 18 और ए 19 ग्राउंड फ्लोर हाथीपाला चंपा बाग इंदौर-452001।	Rs. 57,37,594/- December 15, 2023	Rs. 62,32,950/- / Rs.6,23,300/-	January 08, 2024 11:00 AM- 03:00 PM	January 19, 2024 02:00 PM- 03:00 PM
3.	इमरान अगवान (उधारकर्ता) मोहम्मद अमजान अगवान (सह-उधारकर्ता) मुमताज अगवान (सह-उधारकर्ता) अब्दुललतीफ अगवान (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या LHIND00001299903, LHIND00001299904	संपत्ति 1- मकान नंबर 25 ए ग्राउंड फ्लोर ग्रीन लैंड कॉलोनी स्कीम नंबर 31 स्नेह नगर इंदौर 452001।	Rs. 1,44,34,030/- December 15, 2023	Rs. 1,14,23,284/- / Rs. 11,42,330/-	January 08, 2024 11:00 AM- 03:00 PM	January 19, 2024 02:00 PM- 03:00 PM
4.	सिराजुद्दीन कमरुद्दीन (उधारकर्ता) सेल्मा बाई (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या NHIND00000730483	अग्रवाल एस्टेट सांघी कॉलोनी के पास इंदौर मध्य प्रदेश 452001	Rs. 3,85,84,547/- December 15, 2023	Rs. 3,71,49,840/- / Rs.37,14,990/-	January 08, 2024 11:00 AM- 03:00 PM	January 19, 2024 02:00 PM- 03:00 PM
5.	मान सिंह भाटी (उधारकर्ता)आशा भाटी (सह-उधारकर्ता) सूर्योदय भाटी (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या LHKHG00001282502 LHIND00001359736, LHKHG00001282641	संपत्ति 1: सर्वे नंबर 129/2, पटवारी हल्का नंबर 07, ग्राम डुंगी, तहसील धरमपुरी, धार संपत्ति 2: सर्वे क्रमांक 45/1 का भाग, पटवारी हल्का नंबर 03, ग्राम बकंदर, तहसील महेश्वर, खरगोन। संपत्ति 3: सर्वे नंबर 45/3, पटवारी हल्का नंबर 01, ग्राम बकंदर, तहसील महेश्वर, खरगोन।	Rs. 6,00,66,854/- December 15, 2023	Rs. 2,94,73,502/- / Rs.29,47,350.2/- / Rs. 37,54,817/- / Rs.3,75,485/- / Rs. 94,84,932/- / Rs.9,48,495/-	January 08, 2024 11:00 AM- 03:00 PM	January 19, 2024 02:00 PM- 03:00 PM

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी ऑक्शन ग्लोब टेक की वेबसाइट (यूआरएल लिंक- https://BestAuctionDeal.com/) पर आयोजित की जाएगी। गिरवी रखने वालों/नोटिस को 18 जनवरी 2024, सायं 05.00 बजे से पहले तक अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल देय राशि का भुगतान करने का अंतिम मौका दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित संपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा। संभावित बोलीदाताओं को **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, ऊपरी तल मंजिल, जेड-18, एम.पी. नगर, जोन-1, मिरेकल्स हॉस्पिटल के पास, भोपाल (म.प्र.) पिनकोड - 462011** में 18 जनवरी 2024 को शाम 04:00 बजे तक या उससे पहले बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस / डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) जमा करना होगा। संभावित बोलीदाताओं को पंजीकरण फॉर्म और बोली नियम और शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति भी जमा करनी होगी **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, ऊपरी तल मंजिल, जेड-18, एम.पी. नगर, जोन-1, मिरेकल्स हॉस्पिटल के पास, भोपाल (म.प्र.) पिनकोड - 462011** को 23 नवंबर 2023 या उससे पहले 05.00 बजे से पहले जमा की जा सकती है। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) शाजापुर, इंदौर, धार - में देय "आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड-नीलामी" के पक्ष में एक राष्ट्रीयकृत / अनुसूचित बैंक से होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के नियमों और शर्तों या निविदाओं को प्रस्तुत करने के संबंध में किसी भी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए, कृपया आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से 022-69974300 या हमारी सेल्स एंड मार्केटिंग पार्टनर नेक्ससेन सॉल्यूशन प्रायवेट लिमिटेड पर संपर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

दिनांक : जनवरी 01, 2024
स्थान : शाजापुर, इंदौर, धार

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फायनेंस कंपनी लिमिटेड